हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 मई 2024

तापमान

अधिकतम 42 .2 डिग्री

न्यूनतम 22 .3 डिग्री

11 आईजे नाहल की 54वीं पुस्तक का हुआ विमोचन



12 परम मित्र कन्या स्कूल खांडाखेड़ी की छात्रा सिमरन विज्ञान संकाय में ब्लॉक में रही प्रथम



## खबर संक्षेप

### 530 ग्राम गांजा के साथ एक महिला गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने 530 ग्राम गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी महिला की पहचान गांव पाबड़ा व हाल हांसी ऑटो मार्केट निवासी वीना के रूप मे हुई है।

### 5 व्यक्तियों से 57 बोतल शराब की बरामद

**हिसार।** अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते ही आदमपुर और अग्रोहा थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से 5 व्यक्तियों को काबू कर 57 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना आदमपुर पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव मोहब्बतपुर से संदीप कुमार वासी मोहब्बतपुर को 13 बोतल अवैध शराब, गांव सदलपुर निवासी प्रमोद को 12 बोतल अविध शराब और ढाणी मोहब्बतपुर निवासी सुनील कुमार को 12 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया। थाना अग्रोहा पुलिस ने गांव कुलेरी निवासी विक्रम और बलदेव को काबू कर क्रमशः 10-10 बोतल अवैध शराब बरामद की।

### स्कूटी चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने बस स्टैंड के पीछे से स्कूटी चोरी मामले में आरोपी राजीव नगर निवासी अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी शुदा स्कूटी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 मई को थाना शहर हिसार में लाजपत नगर निवासी ईश्वर सिंह ने बस स्टैंड के पीछे से स्कूटी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी।

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपी को दबोचा

हिसार। स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के नजदीक से एक व्यक्ति को काबू कर एक लोडेड अवैध पिस्तौल 32 बोर बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन के पास स्थित इलाइट सिनेमा के नजदीक मौजूद थी कि उसी समय रेलवे स्टेशन की तरफ से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। वह पुलिस टीम देख असहज हो अचानक से वापस जाने लगा। जिसे शक के आधार पर काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अहमदपुर सिरसा निवासी नील आकाश बताया। नील आकाश के कब्जे से एक लोडेड अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। उसमें एक जिंदा कारतूस था।

### भाग्यश्री महिला अनाथ आश्रम में लगाया शिविर

**हिसार।** अणुव्रत समिति द्वारा समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रव्यापी अणुव्रत वाहिनी अभियान के अंतर्गत आजाद नगर स्थित भाग्यश्री महिला अनाथ अश्राम में आंखों का निःशुल्क चेकअप कैम्प आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरीश अरोड़ा उप मुख्य चिकित्सक अधिकारी टी बी हॉस्पिटल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद जैन द्वारा अणुव्रत गीत से हुआ। कैम्प में 50 से ज्यादा महिलाओं की आंखों की जांच की गई, 5 महिलाओं को ऑप्रेशन के लिए चयन व 10 को चश्मे के लिए चयन किया गया व सभी को निशुल्क दवाइयां दी गई।

### अखिल भारतीय सेवा संघ ने मदर्स-डे मनाया

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ की महिला शाखा की ओर से मदर्स डे मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजय डालमिया, ज्योति डालमिया, भावना सपरा ने शिरकत की। इसमें जज और विशेष अतिथि के रूप में सुमन बत्रा, रिचा पाहुजा, कनिका खुराना, पिंकी कुकरेजा, स्तुति मेहता, कमल अग्रवाल, संगीता नागपाल, डॉ. मीनाक्षी महता, गीतू पाहवा, प्रियंका श्योरान ने शिरकत की।

## वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हुआ बदमाश

# दुकान पर बैठी बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

- पुलिस ने किया केस दर्ज, आरोपी सीसीटीवी में हुआ कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

दुकान पर बैठी बुजुर्ग महिला के गले से बाइक सवार दो बदमाश सोने की चेन तोड़ कर ले गए। सूचना मिलने पर डायल 112 व पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर न्यू सुभाष नगर कॉलोनी निवासी सुनील की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सुनील ने कहा कि श्री काली देवी मंदिर के पीछे उनकी भगवती प्रोविजन किरयाना स्टोर के नाम से दुकान है। सुनील ने बताया की सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे उसकी माता सुलोचना दुकान में बैठी थी।

उसी दौरान बाइक सवार दो युवक दुकान पर आए और उसकी माता से कोल्ड ड्रिंक्स देने के लिए कहा और जब उसकी मां काउंटर से उठ कर दुकान के अंदर से कोल्ड ड्रिंक्स लेने के लिए जाने लगी तो बाइक सवार एक युवक ने पीछे से आकर उसकी मां सुलोचना के गले से सोने की चेन तोड़ ली और उसके बाद बाइक पर सवार होकर श्री काली देवी मंदिर की तरफ भाग गए। सुनील ने बताया कि बाइक सवार एक युवक ने हेलमेट लगाया हुआ था और काले व नीले रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी और टी-शर्ट पर इंग्लिश के कैपीटल अक्षरों में नासा लिखा हुआ था। सुनील ने बताया कि उसकी मां की चेन करीब 12 ग्राम की थी।



हांसी। चेन स्नेचिंग की घटना के बाद घर के बाहर बैठी सुलोचना व आस-पड़ोस की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि




हांसी। सीसीटीवी कैमरे में कैद चेन स्नेचर बाइक सवार। फोटो : हरिभूमि

### आरोपियों की तलाश जारी

सुनील ने बताया कि चेन छीनने की सारी घटना दुकान बाहर गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश आरंभ कर दी। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपितों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# शार्ट सर्किट के चलते दीप टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग

- आग लगने से लाखों रुपये का सामान जल कर हुआ राख
- गोदाम से धुआं निकलते देख गोदाम मालिक दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

काठ मंडी रोड स्थित दीप टेंट हाउस के गोदाम में मंगलवार अल सुबह शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखा लाखों रुपये का टेंट का सामान जल कर राख हो गया। रात को गोदाम से धुआं निकलता देख गोदाम मालिक ने दीप टैंट संचालक बलराज यादव को गोदाम में आग लगने की सूचना दी। और अपने स्तर गोदाम में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। गोदाम में आग लगने की सूचना मिलने दीप टेंट हाउस के संचालक बलराज यादव ने मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को गोदाम में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोदाम में लगी आग पर पाया काबू।

गोदाम मालिक बलराज यादव ने बताया कि वह सोमवार शाम शाम अपने गोदाम को अच्छी प्रकार से बंद करके घर गया था और रात करीब 12.30 बजे गोदाम के उपर रह रहे गोदाम मालिक का फोन आया कि गोदाम के अंदर से धुआं निकल रहा है और गोदाम में रखे सामान में आग लगी लगी हुई है। सूचना के बाद उसने फायर ब्रिगेड को गोदाम में आग लगने की सूचना दी और स्वयं भी दुकान पर पहुंचा तो देखा गोदाम में रखे सामान में भीषण आग लगी हुई थी। बलराज ने बताया कि शादियों के सीजन को देखते हुए एक महीने पहले ही करीब 5 लाख रुपये से अधिक का मंगवाया था।

उन्होंने बताया कि नये सामान के साथ ही गोदाम में करीब 7-8 लाख रुपये का सामान व फोम तथा प्लास्टिक की करीब 700 कुर्सियों, 150 मेज, कारपेट, विवाह समारोह में लगने वाली सीलिंग पर्दे, गद्दे, कालीन, दरियां, झालर, क्रोकरी व सजावट में काम आने वाला सामान जल कर राख हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना से उसे करीब 11-12 लाख रुपये का नुकसान हो गया। वहीं दीप टेंट हाउस में हुई आग लगने की घटना के उपरांत टेंट एसोशिएशन की मीटिंग आयोजित की गई तथा मीटिंग में प्रशासन से टेंट हाउस के गोदाम में आग की घटना से हुए नुकसान की भरपाई के लिए टेंट मालिक बलराज यादव को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की।



हांसी। गोदाम में लगी आग के बाद जली पड़ी कुर्सियां व अन्य सामान।

# एचएसईबी वर्कर यूनियन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

उपमंडल अधिकारी बरवाला के खिलाफ एचएसईबी वर्कर यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के द्वारा बिजली निगम के प्रांगण में रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान वीरेंद्र पूनिया ने की और मंच संचालन सचिन जय भगवान शर्मा ने किया। सब यूनिट प्रधान वीरेंद्र पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि उपमंडल अधिकारी को कई बार लिखित और मौखिक रूप से एजेंडा का नोटिस दिए गए जिसमें उपमंडल अधिकारी को 13 मई तक का समय दिया गया था कि अधिकारी द्वारा यूनियन को दिए गए कामों को सिरे चढ़ाया जाए और यूनियन के पदाधिकारियों को बुलाकर कर्मचारियों की समस्याओं को सुना जा सके। आरोप है कि उपमंडल अधिकारी द्वारा इस विषय पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी है जिसके चलते यूनियन व कर्मचारियों में उपमंडल अधिकारी के खिलाफ भारी रोष है। मौके पर पूर्व एमसीसी रामनिवास बूरा, पूर्व प्रधान अजीत पूनिया, अनिल राखी, जगबीर, सुनील सोथा, राजेश टाक, जयभगवान, इंचार्ज धर्मपाल, श्रवण व सूखा सिंह आदि मौजूद रहे।



बरवाला। रोष प्रदर्शन करती एचएसईबी वर्कर यूनियन। फोटो : हरिभूमि

# नगर निगम कार्यालय के कार्यों का किया निरीक्षण

- निगमायुक्त ने कार्य में तीव्रता लाने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, उप-निगम आयुक्त वीरेंद्र सहारण, एक्सईन संदीप धुंधवाल, एक्सईन संदीप सिहाग, इलेक्ट्रिकल एसडीओ साहिल कुमार, एमई संदीप बेनीवाल, एई सुमित कुमार, जेई कुलदीप सरोहा आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान ट्रेनी आईएएस कनिका गोयल भी उपस्थित रही।

सबसे पहले निगमायुक्त ने हाउस टैक्स शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त ने कर्मचारियों को हाउस टैक्स सभी फाइलों के कार्य में तीव्रता लाने व तय समय सीमा में कार्य करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स की लंबित फाइलों का जल्द से जल्द निपटान करें। निगमायुक्त ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए नगर निगम कार्यालय में नागरिक सुविधा केन्द्र खोला गया। इसमें आमजन निशुल्क अपनी प्रॉपर्टी सम्बन्धित त्रुटियों को सही करवाने के लिए ऑनलाइन फाईले लगा सकते हैं। निगमायुक्त ने नगर निगम में चल रहे बिल्डिंग के रेनोवेशन व निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ये कार्य में और तीव्रता लाए ताकि कार्य जल्द हो सके। इसके अलावा निगमायुक्त ने कार्यालय के किये गए रेनोवेशन के कार्यों का भी निरीक्षण किया।



हिसार। निरीक्षण करते नगर निगमायुक्त प्रदीय दहिया। फोटो : हरिभूमि

# सूर्य नगर पुल की वजह से परेशानी झेल रहे सेक्टरवासी

- ओवरब्रिज व अंडरपास जल्द शुरू करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सूर्य नगर फाटक पर लंबे समय से अंडर पास शुरू नहीं किए जाने व अनेक बार डेड लाइन दिए जाने के बाद भी पुल शुरू नहीं होने से परेशान सेक्टर 3 के निवासियों की एक बैठक हुई और इसके खिलाफ रोष जताया। बैठक में मौजूद सेक्टर के मौजिज व्यक्तियों ने बताया कि लंबे समय से पुल बनाने का काम शुरू है लेकिन अभी तक न ही तो पुल चालू हुआ है और न ही अंडरपास ढंग से चालू किया गया है जिसके चलते सेक्टर 1-3, 4-5 व मीलगेट क्षेत्र के निवासियों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

सेक्टवासी संदीप अग्निहोत्री व अन्य निवासियों ने बताया कि सूर्य नगर पुल की कई बार डेडलाइन दी जा चुकी है, लेकिन तय समय सीमा में पुल के निर्माण का काम नहीं किया गया है। अंडर पास की स्थिति भी ऐसी है कि उस पर हर समय जाम लगा रहता है और उसका निर्माण भी अधूरा है। वहीं समय-समय पर इस रास्ते को बंद कर दिया जाता है जिससे यहां के निवासियों को कई किलोमीटर घूमकर शहर के उस क्षेत्र में जाना पड़ता है। सेक्टरवासियों ने सरकार व प्रशासन के समक्ष मांग उठाई कि पुल नहीं बनने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर दीपक जैन, रजनीश जैन, पीडी कौशिक, गोपाल भारद्वाज, सुमन मलिक, दीपिका जैन, सपना भारद्वाज, हरनेक सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



हिसार। धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य को लेकर रोष जताते सेक्टरवासी।

# बुड़ाक माइनर पुल से गाड़ी लूटने के मामले में आखिरी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बुड़ाक माइनर से गाड़ी लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए बालसमंद चौकी पुलिस ने वारदात के आखिरी चौथे आरोपी चाहरवाला फतेहाबाद निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी ने अपने अन्य तीन साथियों विजय, विक्रम और एक नाबालिग सहित 20 नवंबर 2023 की शाम को बुड़ाक माइनर पुल के पास से एक गाड़ी लूटी थी। इसके बारे में गांव बुड़ाक निवासी सुरेश ने पुलिस चौकी में शिकायत दी। शिकायत में सुरेश ने बताया कि वह 20 नवंबर की शाम को गाड़ी में सवार होकर उसके घर से गांव बिरहानी, राजस्थान जा रहा था कि बुड़ाक माइनर पुल पर चार लड़के बैठे थे। जैसे ही गाड़ी पुल से आगे निकली तो एक लड़के ने पीछे से ईट मारकर गाड़ी का पिछला शीशा तोड़ दिया और दो लडको ने उसके साथ हाथापाई कर थप्पड़ मार गाड़ी छीन कर भाग गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर वारदात में शामिल सभी चारों आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है। पुलिस द्वारा पहले ही आरोपी विजय, विक्रम और एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है और लूटी गई गाड़ी भी बरामद की जा चुकी है। मामले के आखिरी चौथे आरोपी राजेश कुमार को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया है।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की होगी पैनी नजर



- झूठी व भ्रामक पोस्ट डालने वालो पर एडीजीपी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

**हिसार।** एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने हिसार मंडल के सभी पुलिस अधीक्षकों को सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव 25 मई को होने निर्धारित है। चुनाव आयोग से मिले दिशा-निर्देशों की अनुपालना मे हिसार मंडल मे शांति एवं सौहार्द के वातावरण मे चुनाव संपन्न करवाना पुलिस का परम दायित्व है। ऐसे अवसर पर असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का भी सहारा लेते है, सोशल मीडिया पर झूठे व भ्रामक पोस्ट डालकर व प्रचार करके आमजन को गुमराह कर सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते है।

इस प्रकार की झूठ व सनसनी फैलाने वाली पोस्टों से समाज मे असंतोष की भावना को बढ़ावा मिलता है, वही कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब होने की संभावना बनी रहती है।

एडीजीपी ने कहा कि ऐसे तत्व व्यक्तिगत तौर पर भी लोगों को उकसाने का प्रयास करते है। उन्होंने हिसार मंडल के सभी पुलिस अधीक्षकों से ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखने व खुफिया तंत्र को हाई अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने किसी भी प्रकार की फेक व लोगों मे सनसनी फैलाने वाली पोस्टों पर सख्ती से अंकुश लगाने व ऐसी पोस्ट अथवा अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

एडीजीपी ने आमजन से भी अपील की है कि बिना सच्चाई जाने अफवाह फैलाने वाली किसी भी पोस्ट व वीडियो को फॉरवर्ड न करें व अफवाहों से बचें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व आमजन, युवाओं व छात्रों को भी भ्रमित कर उन्हें भी गैर कानूनी कार्य करने के लिए उकसाते है, ऐसे लोगों से सावधान रहे, अपने बच्चो व परिवार का ख्याल रखें।

## चुनावी ड्यूटी में कोताही बरती तो होगी सख्त कार्रवाई : एसडीएम

# निरीक्षण के दौरान चुनावी ड्यूटी से गैर हाजिर मिला कर्मचारी

- सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने कर्मी के खिलाफ कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान हाजमपुर नाके पर तैनात स्टेटिक सर्विलांस टीम का एक कर्मचारी चुनावी ड्यूटी से गैर हाजिर पाया गया है। ड्यूटी पर गैर हाजिर मिले कर्मचारी के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोहित महराना ने लघु सचिवालय परिसर में आयोजित चुनावी कर्मियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को हर हाल में निष्पक्ष पारदर्शी व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जाएगा। इस उद्देश्य को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिए गए थे कि वह अपनी चुनावी ड्यूटी को पूरी कर्तव्य, निष्ठा के साथ निभाए लेकिन संज्ञान में आया कि कुछ चुनाव कर्मी अपनी ड्यूटी को सही ढंग से नहीं निभा रहे हैं ऐसे में हल्के का निरीक्षण दौरा किया गया। इस दौरान हाजमपुर गांव में लगाये गए नाके पर तैनात स्टेटिक सर्विलांस टीम का एक कर्मचारी गैर हाजिर पाया गया। उन्होंने कहा कि सभी चुनाव कर्मियों को पहले भी कहा था अब भी कह रहे हैं की चुनावी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। भविष्य में कोई भी कर्मी ड्यूटी में लापरवाही बरतता पाया गया तो उसके खिलाफ इसी प्रकार से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जो कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया है वह असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।



हांसी। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते सहायक रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर मिलेगी मतदान की सुविधा

एसडीएम ने कहा कि जिन मतदाताओं की आयु 85 वर्ष हो चुकी है तथा जिन दिव्यांग मतदाताओं की दिव्यंगता 40 प्रतिशत से अधिक है उन्हें बैलट पेपर के माध्यम से घर पर ही मतदान करने सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए व्यवस्था बना ली गई है। बैठक में तहसीलदार अनिल कुमार, नायब तहसीलदार दयाचंद, चुनाव कानूनगो गुरुदेव, खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह, पंचायती राज विभाग से एसईपीओ नवीन मलिक सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों को लगाई फटकार

सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने चुनाव संबंधी कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि ड्यूटी को पूरी गंभीरता से निभाना सुनिश्चित करें अन्यथा सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने नगर परिषद के ईओ राजाराम को निर्देश दिए कि वह तुरंत सभी शहरी मतदान केंद्रों का दौरा करना सुनिश्चित करें, इस दौरान कहीं भी कोई छोटी से छोटी कमी भी मिले तो तुरंत दुरुस्त करवाई जाए। अधिकारियों को जब भी कोई काम सौंपा जाए वह उसे अविलंब पूर्ण कर रिपोर्ट भी भिजवाना सुनिश्चित करें।

### चेकिंग अभियान को करेंगे तेज

एसडीएम मोहित महराणा ने सभी स्टैटिक सर्विलांस टीमों को निर्देश दिए कि वह नाकों पर चेकिंग अभियान को और तेज करें। अधिक से अधिक वाहनों की चेकिंग करते हुए यह सुनिश्चित करें कि किसी भी सूरत में अवैध पैसा, हथियार, शराब व प्रचार सामग्री हल्का में प्रवेश नहीं करने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए विशेषकर रात को स्वयं मेरे द्वारा भी समय-समय पर निरीक्षण दौरा किया जाएगा।



# किंग में दिखेगा शाहरुख खान का धाकड़ अवतार

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले ही इसकी कथित तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं हुई हैं। शाहरुख खान इन तस्वीरों में लंबी दाढ़ी के साथ खतरनाक नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बड़े बालों वाले शाहरुख खान ने काला चश्मा पहना हुआ है। इस लुक को देखकर फैन्स भी एक्शन की उम्मीद कर रहे हैं। शाहरुख खान ने इसस पहले पठान और जवान में भी दमदार एक्शन दिखाया था। अब 1 बार फिर से शाहरुख खान पर्दे पर दमदार मार-धाड़ के साथ पेश होने वाले हैं।

लाइफ Style



# मन्नारा

## पहली बारिश एंजॉय करती दिखीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं।

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, मन्नारा को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल, मन्नारा ने मुंबई की पहली बारिश का एक वीडियो अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया, जिसके बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। नेटीजंस ने उनके पोस्ट को वाहियात बताया और कहा कि जब वह वीडियो शूट करने में व्यस्त थीं तो तूफान के कारण लोगों की जान चली गई। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'जब शहर में लोग मर रहे हों तो नाचने का समय नहीं है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'इनको एहसास ही नहीं वह कितने के घर बिखर गए हैं'। एक और यूजर ने अफसोस जताया, 'लोग घायल हो रहे हैं और समस्याओं का सामना कर रहे हैं और यहां क्या हो रहा है...'। बता दें कि मुंबई के घाटकोपर उपनगर में एक विशाल होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की जान चली गई, जिसमें 80 से अधिक लोग फंस गए और उसके नीचे दसियों कारें और अन्य वाहन नष्ट हो गए।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ड्यून प्रोफेसी' में दिखाएंगी जलवा

**लॉस एंजिलिस।** क्रू के बाद तब्बू एक बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। देश में अपनी अदाकारी का जादू चलाने वाली अभिनेत्री अब विदेश में अपने अभिनय का जलवा जल्द बिखेरती नजर आने वाली हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री टीवी सीरीज ड्यूनः प्रोफेसी में एक अहम किरदार में दिखेंगी। यह टीवी सीरीज मूल रूप से 2019 में 'ड्यूनः द सिस्टरहुड' शीर्षक के तहत शुरू की गई थी। यह ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास 'सिस्टरहुड ऑफ ड्यून' से प्रेरित है।



# कान में दिखेगी तब्बू-अजय की फिल्म की झलक...

**लॉस एंजिलिस।** प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल आज 14 मई से शुरू हो गए हैं। यहां भारतीय फिल्में और फिल्म निर्माता देश की प्रतिभाओं से रूबरू कराएंगे। कान फेस्टिवल का 77वां संस्करण 25 मई तक चलेगा। इसमें तब्बू और अजय देवगन की आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' की झलक दिखाई जाएगी। कान के भारत पवेलियन में फिल्म की झलक देखने को मिलेगी। अजय देवगन और तब्बू की रोमांटिक म्यूजिकल थ्रिलर फिल्म की स्नीक पीक कान में 17 मई को विशेष रूप से दिखाई जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। वहीं, इसका इसका संगीत ऑस्कर विजेता कंपोजर एम एम कीरवानी ने कंपोज किया है। यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# दीपिका ने मेहनत से पलट दी कायनात

**मुंबई।** टीवी स्टार दीपिका सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। दीपिका सिंह ने टीवी के कई सीरियल्स के किरदारों में जान फूंक कर शोहरत का ये खास मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए खूब मेहनत की है। बचपन में गरीबी की जिल्लत झेली और अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। आज दीपिका सिंह टीवी की दुनिया की स्टार बन गई है। दीपिका सिंह ने बीते दिनों मुंबई में स्ट्रगलिंग दिनों की कहानी भी सुनाई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक बार उनकी ही दोस्त ने उन्हें आधी रात घर से बाहर निकाल दिया था। उन्होंने बताया था बचपन में पैसों की कमी के चलते काफी बुरे अनुभवों को झेला है। उनके पिता का बिजनेस काफी घाटे में चला गया था। इसके चलते अचानक पूरा परिवार आर्थिक तंगी से जूझने लगा।



# अक्षय-आलिया को लेकर बनाएंगे फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर प्रियदर्शन क्लासिक कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने दे दना दन, हंगामा, हलचल, गरम मसाला जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अब ताजा खबरों की माने तो डायरेक्टर एक बार फिर अक्षय कुमार को लेकर एक जबरदस्त एंटरटेनर फिल्म बना रहा हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश जैसी एक्ट्रेसेज के नाम सामने आए हैं। इस फिल्म को लेकर अभी डायरेक्टर इन चारों एक्टर्स के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। बातचीत जारी है लेकिन कुछ भी कन्फर्म नहीं। प्रियदर्शन अपनी आने वाली फिल्म के लिए अक्षय कुमार के साथ इंडस्ट्री की बड़ी हीरोइन को एक साथ लाने का सपना देख रहे हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश का नाम शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# चिलचिलाती गर्मी में बेटियों संग पूल में उतरीं देबिना बनर्जी...

**नई दिल्ली।** टीवी की सीता माता देबिना बनर्जी अपनी दोनों बेटियों के साथ खूब मस्ती करती हैं। वो अक्सर उनके साथ फोटोज शेयर करके इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत लेती हैं। एक बार फिर से देबिना ने गर्मी में पूल में मस्ती की है और बेटियों के साथ इसे और भी एक्साइटिंग बनाया है। टेलीविजन इंडस्ट्री में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली एक्ट्रेसेस में देबिना बनर्जी हैं। देबिना ने 'रामायण' में अपने को-एक्टर रहे गुरमीत चौधरी से शादी की है। बीते सालों में, इस जोड़ी ने कई कपल्स गोल्स दिए हैं। इनकी दो बेटियां हैं, जिनके साथ अक्सर देबिना मस्ती करती दिखती हैं। हाल ही में उन्होंने बेटियों के साथ पूल पार्टी भी की। जहां देबिना अपने पति और बेटियों के साथ बेहद खुश हैं, वहीं वह अपनी छोटी बच्चियों के साथ भी अच्छा समय बिता रही हैं। क्योंकि वे बड़ी हो रही हैं। वे बहुत प्यारी दिखती हैं और गर्मी को देखते हुए देबिना ने पूल के अंदर गोता लगाकर अपने बच्चों के साथ मस्ती की है। पूल के पानी के अंदर खेलते हुए दोनों खुश दिख रही हैं और उनकी तस्वीरें बहुत प्यारी हैं।

# आसमान छूना चाहते हैं 'बालवीर' फेम देव जोशी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का जाना पहचान चेहरा हैं देव जोशी। बच्चों के चहेते बालवीर यानी देव जोशी का चांद पर जाने का सपना भी



अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है। अब देव जोशी फिल्मों में नहीं, बल्कि असल में चांद की सैर करने वाले हैं। इसके लिए वह खास ट्रेनिंग भी लेने वाले हैं। बीते साल खद्रु देव जोशी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी थी। देव जोशी को जापान के यासुका मीजावा ने डियर मून मिशन के लिए चुना गया है। हफ्ते की इस ट्रिप के दौरान पूरे 10 लोग चांद की सैर करेंगे। देव ने बताया था कि वह अपने पायलट ट्रेनिंग शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं और वह इसका बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# बॉलीवुड से 100 गुना बेहतर हैं कोरियाई फिल्में : नसीरुद्दीन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भारतीय सिनेमा में एक महान शख्सियत हैं। पिछले चार दशकों में, उन्होंने फिल्म, थिएटर और टेलीविजन पर अपने प्रतिष्ठित प्रदर्शन से छाप छोड़ी है। नसीरुद्दीन शाह शानदार अभिनय से साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। कई बार उनकी कही बातों पर विवाद भी खड़ा हो जाता है। हाल ही में उन्होंने हिंदी सिनेमा में बन रही फिल्मों पर खुलकर बात की। नसीरुद्दीन शाह का कहना है कि कोरियाई फिल्में बॉलीवुड की फिल्मों से 100 गुना बेहतर हैं। हम दुनिया में ढिंढोरा पीट रहे हैं कि हमारी फिल्में सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे बॉलीवुड की प्रेम कहानियां पसंद हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हॉलीवुड ही हमारा एकमात्र संदर्भ बिंदु है। जैसे भारतीय खाना खाया जाता है, हमारी फिल्में भी उसी तरह देखी जाती हैं। हालांकि, भारतीय खाने में कम से कम कुछ स्वाद तो है। हिंदी बुलबुला एक दिन फूट जाएगा और मुझे अभी से इसके बारे में यकीन है। क्योंकि हिंदी फिल्मों में अब सार की कमी है, उन्हें नए पैंतरे अपनाने की जरूरत है। नसीरुद्दीन अपने बयान को लेकर बुरी तरह फंस गए हैं। अभिनेता की सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग हो रही है। एक यूजर ने लिखा, 'आपको कोरिया में ही बस जाना चाहिए।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह वही लोग हैं, जो देश में रहकर ही यहां की बुराई करते हैं।' एक और यूजर ने लिखा, 'आप भी अब से कोरियाई फिल्मों में ही काम किया कीजिए।' नसीरुद्दीन शाह ने अपनी बेजोड़ प्रतिभा और काम से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्हें आखिरी बार आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'कुट्टी' में देखा गया था। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में थे।

# वो बॉलीवुड एक्टर जिसके हुनर के आगे सब थे नतमस्तक!

**मुंबई।** 80 के दशक में बॉलीवुड पर सदाशिव अमरापुरकर का राज चलता था। बिना इनके निगेटिव रोल्स के फिल्म अधूरी मानी जाती थीं। फिर चाहे वो 'सड़क' में महारानी बनकर लोगों की रूह कंपा देना हो या फिर 'अर्ध सत्य' में रामा शेट्टी के किरदार में जान फूंक देना हो। 'सड़क' में तो सदाशिव ने ऐसी दमदार एक्टिंग की थी कि फिल्मफेयर को अलग से निगेटिव रोल कैटेगरी का ऐलान करना पड़ा और पहला अवॉर्ड सदाशिव को मिला था। साल 1948 में आज ही के दिन पैदा होने वाले सदाशिव के फिल्मों में निभाए किरदार अमिट हैं। उनकी यादें अमिट हैं। विलेन बनने के बाद वो कॉमिक रोल्स और सपोर्टिंग रोल्स में भी नजर आए, लेकिन उनकी आत्मा 'थिएटर' में बसती थी। उन्होंने खुद कहा था कि थिएटर उनकी सांसें हैं। और जब एक्टिंग से दूर होते थे तो समाज की भलाई में खुद को सौंप देते थे। एक बार उनके साथ लोगों ने बहुत बुरा बर्ताव किया था। सदाशिव लोगों की अच्छाई चाहते थे, लेकिन होली के हुड़दंगियों के सिर पर ऐसी खुमारी सवार थी कि उन्होंने एक्टर की पिटाई कर दी थी। बहुत ही शर्मनाक। पर सदाशिव ने इस घटना को दिल से नहीं लगाया और तमाम एनजीओ के जरिए जरूरतमंदों के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाते रहे। ऐसे ही थे सदाशिव अमरापुरकर।



सदाशिव अमरापुरकर का जन्म 11 मई 1948 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उनका असली नाम गणेश कुमार नारवोडे भी बताया जाता है। 1983 से 2013 तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करने वाले सदाशिव को 1991 में 'सड़क' फिल्म की महारानी बनकर पहचान मिली। उन्हें अपने करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और फिल्मफेयर ने पहली बार निगेटिव रोल कैटेगरी के लिए अवॉर्ड दिया था।

## तवायफों पर आधारित फिल्में और सीरीज

# इन अभिनेत्रियों ने निभाया था वेश्या का किरदार

*मुंबई। बॉलीवुड में हर तरह की फिल्में बनती आई हैं, जिनमें तवायफों पर आधारित फिल्मों ने एक खास जगह लोगों के दिलों में बना रखी हैं। पाकीजा, उमराव जान, देवदास, गंगूबाई काठियावाड़ी और अब हीरामंडी भी तवायफों पर आधारित है। 1 मई को ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'हीरामंडी द डॉयमंड बाजार' में मनीषा कोइराला, अदीति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मीन सहगल और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म पूरी तरह से तफायफों की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में मनीषा कोइराला ने मल्लिकाजान का किरदार निभाया है, जो सभी तफायफों की हैड होती हैं। इसके अलावा अदीति राव हैदरी ने मल्लिकाजान की बेटी बिब्बोजान का किरदार निभाया है। संजीदा शेख ने मल्लिकाजान की छोटी बहन फहीदा की भूमिका निभाई है। ऋचा ने लज्जो, शर्मिन सहगल ने आलमजेब का किरदार निभाया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इस सीरीज में दो किरदार निभाए हैं। सोनाक्षी ने रेहाना आपा और फरदीन का किरदार निभाया है।*




### गंगूबाई काठियावाड़ी

भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' तवायफों पर आधारित है। इस फिल्म में आलिया ने गंगूबाई का की तवायफ का किरदार निभाया था। आलिया भट्ट अभिनीत 'गंगूबाई काठियावाड़ी' गंगा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो नादानी में एक फिल्म स्टार बनने के लिए घर से भागती है, लेकिन वेश्यावृत्ति में मजबूर हो जाती है। वह वेश्यालयों में श्रम अधिकारों की शुरुआत करती है, और वेश्याओं को सप्ताह में एक बार छुट्टी देने की वकालत करती है। गंगूबाई आगे चलकर उस वेश्यालय की मालकिन और माफिया रानी बन जाती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉक बस्टर साबित हुई थी।




### पाकीजा

फिल्म 'पाकीजा' में मीना कुमारी ने एक तवायफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में मीना कुमारी ने एक वैश्या साहिबजान का किरदार निभाया है।

### उमराव जान



1981 में रिलीज हुई फिल्म 'उमराव जान' में रेखा ने एक तवायफ का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया था। इस फिल्म को मिर्जा हादी रुस्वा के लिखे गए उपन्यास उमराव जान अदा पर बनाया गया था। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने इस फिल्म में लखनऊ की एक तवायफ उमराव जान का किरदार निभाया था। जिसका बचपन का नाम आमरीन था लेकिन एक घटना के बाद वह कोठेवाली बनने पर मजबूर हो जाती है।

### देवदास



संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में माधुरी दीक्षित तवायफ के किरदार में नजर आई थीं। शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म देवदास अपनी रिलीज के इतने सालों बाद भी लोगों को पसंद है। देवदास और पारो के बीच की इस प्रेम कहानी में तवायफ चंद्रमुखी का प्यार देखने लायक था। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने तवायफ का किरदार निभाया था।

**खबर संक्षेप**

### देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही : हुड्डा

**हिसार।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि पूरे देश से इनपुट आ रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन बनाने का फैसला लिया था, वो कामयाब होता हुआ नजर आ रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद इसबार हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनना तय है। हुड्डा मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश जेपी के लिए वोट मांगने हिसार दौरे पर पहुंचे। उन्होंने बालसमंद गांव, आदमपुर मंडी व ढंढूर गांव समेत कई जगह चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी काम किए थे और वो भविष्य में भी कामों के नाम पर ही वोट मांग रही है। जनता बखूबी जानती है कि कांग्रेस जो वादा करती है, उसे जरूर निभाती है। इसलिए हमने वादा किया है कि सरकार बनने पर हरियाणा से अपराध का सफाया किया जाएगा।

### खेत में लगे सोलर ट्यूबवेल की मोटर चोरी

**फतेहाबाद।** गांव गोरखपुर में एक खेत में लगे सोलर ट्यूबवेल की मोटर चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में पवन कुमार ने कहा है कि उसका दहमान रोड पर जोहड़ के पास खेत है। गत रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुसकर वहां से सोलर पम्प की मोटर को चोरी कर ले गया। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे चोरी का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### रतिया में क्रेटा और ब्रेजा गाड़ी में हुई टक्कर

**रतिया।** रतिया में एक क्रेटा और ब्रेजा गाड़ी में टक्कर हो गई। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के जगदीप सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह मूनक से अपनी गाड़ी में अपने गांव आ रहा था। जैसे ही वह रतिया शहर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक ब्रेजा चालक ने उसकी क्रेटा गाड़ी में टक्कर दे मारी। हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर होते ही काफी संख्या में लोग भी वहां इकट्ठा हो गए। पुलिस ने ब्रेजा गाड़ी के चालक शरणजीत सिंह उर्फ काकू निवासी करंडी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूर्व डिप्टी सीएम चन्द्रमोहन को सौंपा ज्ञापन

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स यूनियन के आह्वान पर सैंकड़ों आंगनबाड़ी वर्करों और हैल्परों ने मंगलवार को डीसी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान सुनीता झलनियां ने की और संचालन माया पूनियां ने किया। वर्करों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही है लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रही।



**फतेहाबाद।** प्रदर्शन के बाद पूर्व डिप्टी सीएम चन्द्रमोहन को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी वर्कर्स। *फोटो : हरिभूमि*

### समाधान की गारंटी दें

उनके साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। इस कारण आज चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवारों को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि वे उनकी मांगों को अपने चुनाव अभियान में शामिल करें और उनका समाधान करवाने की गारंटी दें। इसी को लेकर आज प्रदर्शन के बाद आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा पहले उपायुक्त के माध्यम से निदेशक को ज्ञापन भेजा गया वहीं उसके बाद फतेहाबाद आए पूर्व डिप्टी सीएम चन्द्रमोहन बिश्नोई को भी मांग पत्र सौंपा गया।

### अभी तक भुगतान नहीं

प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी वर्कर्स को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सुनीता झलनियां व सीटू नेता बेगराज ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा वर्ष 2018 में बढ़ाए गए 1500 व 750 रुपए का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। पिछले 5 साल से एरियर सहित भुगतान करने, वर्ष 2021-22 में आंदोलन के दौरान काटे गए बकाया मानदेय का तुरंत भुगतान करने, बर्खास्त वर्कर्स का बर्खास्त की अवधि का बकाया मानदेय का भुगतान करने, हर माह के 7 तारीख तक मानदेय देना सुनिश्चित करने, हेल्पर से वर्कर, वर्कर से सुपरवाइजर की पदोन्नति का कोटा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को दुर्घटना की स्थिति में निधन पर 5 लाख का बीमा का प्रावधान करने आदि मांगों को लेकर यूनियन लंबे समय से आंदोलन कर रही है। इन्हीं मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा आज प्रदर्शन किया गया है। सीटू नेता बेगराज ने कहा कि आंगनगाड़ी का न्यूनतम वेतन 26000 हो। वर्कर एवं हेल्पर को कुशल एव अकुशल की श्रेणी में रखा जाए।

### तो फिर आंदोलन

उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने इन मांगों का तुरंत समाधान नहीं किया गया तो आंगनबाड़ी वर्कर एक बार फिर से आंदोलन की राह पर होगी और आंदोलन को तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन चुनाव में अपना हिसाब किताब करते हुए तथा आंदोलन के दौरान उनके साथ किए दुर्व्यवहार, वायदा खिलाफी और लगातार 4 महीने तक भूखे प्यासे सड़कों पर रहने का बदला लेने के लिए भाजपा के खिलाफ और इंडिया गठबंधन का समर्थन करेंगी। प्रदर्शन में सावित्री देवी, मंजुला, इंदिरा, राजबाला, सुनीला, माया पूनिया व सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट चेतावन शामिल रही।



**हिसार।** रिटायर्ड प्रिंसिपल आईजेसनाहल की पुस्तक ताली बजाओ का विमोचन करते निरुपमा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आईजे नाहल की 54वीं पुस्तक का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मॉडल टाउन में रिटायर्ड प्रिंसिपल आईजे नाहल की 54वीं पुस्तक ताली बजाओ का विमोचन नगर के प्रतिष्ठित तायल परिवार की बेटी व एफसी कॉलेज हिंदी विभाग की पूर्व अध्यक्ष निरुपमा ने किया। उन्होंने नाहल की पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि नाहल का साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान है। अपने कॉलेज समय में वे उच्च कोटि के कमेंटेटर रहे हैं। नाहल की धर्मपत्नी भी कॉलेज समय से एक कुशल मंच संचालक एवं छात्र जीवन में उन्हें पढ़ाई व खेल के क्षेत्र में कई बार पुरस्कृत किया गया था। इस पुस्तक में 88 लघु कथाएं लिखी हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं। पुस्तक समीक्षा एवं मंच संचालन वरिष्ठ साहित्यकार सत्यपाल शर्मर ने किया। मौके पर माया, कमलेश कुमारी व समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**हिसार।** नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर अपना संबोधन देते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में नेशनल टेक्नोलॉजी डे को धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन करके सब के दिलों में उमंग भर दी। प्रथम और तृतीय पुरस्कार इस संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग को मिला। द्वितीय पुरस्कार राजकीय बहुतकनीकी, धांगड के सिविल इंजीनियरिंग विभाग को मिला। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार गाबा का अहम योगदान रहा। आईएंडसी विभाग के विभागाध्यक्ष रजत ठकराल ने प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने तकनीकी उन्नति के महत्व को बताया और उसके साथ-साथ वर्तमान समय में तकनीक के प्रयोग के तरीकों पर भी चर्चा की। इस मौके पर राजकीय महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य व पीडब्ल्यूडी के इलेक्ट्रिक डिवीजन के एसडीओ सुमेर नेहरा ने प्रदर्शनी में जज की भूमिका निभाई। इस अवसर पर तरुण कुमार शर्मा, सचिन यादव, सोनू सिंह, अमित जांगड़ा, विकास, मंदीप नागपाल, संजय कुमार, संदीप ओला, प्रशांत, अंजली, संदीप बेरवा, जितेंद्र बाजिया और ईशु समेत अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में चुनावी प्रक्रिया सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो जिम्मेदारियां दी गई हैं, उनका सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, लगन और तत्परता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात एक-एक व्यक्ति जिला प्रशासन की टीम का हिस्सा है। हम सबको टीम भावना के साथ काम करते हुए निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न करवाना है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के लिए सभी विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव एक जटिल प्रक्रिया है। यह देश का सबसे बड़ा अभियान होता है। उन्होंने चुनाव से जुड़े अधिकारियों को कहा कि वे कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें और प्रशिक्षण में भारतीय चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित दिशा-निर्देशों की संपूर्ण जानकारी अवश्य लें। चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु मतदाताओं की सुविधा के लिए 1950 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जो 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों एवं चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करने का भी आह्वान किया।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में योगदान देने पर पांच समाजसेवी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

समृद्ध भारत परिषद की 2024-25 की आम बैठक एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए इंद्रजीत अरोड़ा, अमित बंसल, पंकज वलेचा, तरुण बंसल व रामकुमार को सम्मानित किया गया। सचिव डॉक्टर अजीत कुमार ने आये हुए सदस्यों से 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान जरूर करने की अपील की। कोषाध्यक्ष डॉक्टर राहुल बंसल ने पूरे वर्ष की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा आगामी सत्र में 171 विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए गोद लेने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बिशम्बर सचदेवा, दीपक अग्रवाल, मन्नू गोयल, राकेश शर्मा, संजीव शर्मा, तरुण मेहता, तिलक मेहता, विजय अग्रवाल तथा अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



**हिसार।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में सहयोग देने पर समाजसेवियों को सम्मानित करते हुए समृद्ध भारत परिषद के सदस्यगण। *फोटो : हरिभूमि*

## दो युवकों ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर में अपराधी बेखौफ नजर आ रहे है। मंगलवार सुबह भी शहर के मॉडल टाउन में एमएम कॉलेज के साथ लगते दिव्य योग मंदिर के पास बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने एक महिला के गले से करीब अढ़ाई तोले सोने की चैन छीन ली। घटना की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। इसमें युवक चेन तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। पीड़ित महिला ने इस बारे पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार दिव्य योग मंदिर के पास रहने वाली संतोष सिंगला मंगलवार सुबह करीब 6 बजे अपनी सास के साथ दिव्य योगा मंदिर जा रही थी। इतने में पीछे से बाइक पर आए दो युवक आए। एक ने उसके गले पर झपटा मारकर सोने की चेन तोड़ ली। वारदात की सूचना पुलिस को भी दी गई। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो युवक उसमें नजर आए। सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि बाइक पर दो युवक आते हैं और उनमें से एक युवक उतर कर महिला के पीछे जाता है। वह चेन झपट लेता है और बाइक पर फरार हो जाते हैं। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

## गुरमत समागम में सभी धर्मों के लोगों ने की शिरकत

- गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाकर लिया आशीर्वाद
- रागी जत्थों ने किया गुरु की महिमा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु तेग बहादुर साहिब के प्रकाश गुरुपर्व के उपलक्ष्य में हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की ओर से गुरुद्वारा गोबिंद नगर में महान गुरमत समागम का आयोजन किया गया। एचएसजीएमसी मैंबर एवं कमेटी के भूमि अधिग्रहण मुक्ति विभाग के चेयरमैन जत्थेदार सरदार सुखसागर सिंह ने बताया कि समागम में न केवल सिख धर्म से जुड़ी साध संगत मौजूद रही बल्कि अन्य धर्मों हिन्दू, मुस्लिम, जैन आदि समाज के लोगों ने भी शिरकत की और गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद पाया। मुस्लिम समाज की ओर से जनाब इशहाक मस्जिद लाहौरी गेट से आए, वहीं समाज सेवी संजय डालमिया ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने बताया कि 10 मई को श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सरदार सुखसागर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में हजूरी रागी जत्था भाई दविन्द्र सिंह श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब, भाई रणजीत सिंह मोड़ मंडी ढाडी जत्था धर्म प्रचार एचएसजीएमसी, भाई रणजीत सिंह प्रचारक धर्म प्रचार एचएसजीएमसी, भाई इन्द्रपाल सिंह प्रचारक धर्म प्रचार एचएसजीएमसी ने शब्द वाणी व गुरु महिमा का गुणगान किया। इस पावन अवसर पर एचएसजीएमसी प्रधान जत्थेदार भूपिन्द्र सिंह असंध व एचएसजीएमसी चेयरमैन व मैम्बर स. सुख सागर सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता को मतदान करना जरूरी : दहिया

**हिसार।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाकर बढ़चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की ओर से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर टर्निंग 18 व यू आर द वन जैसे अनूठे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम के साथ जागरूकता पहल की शुरूआत की गई है, जिसके माध्यम से पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता का मतदान करना जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब, व्हाट्सएप चैनल और लिंक्डइन सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से मतदाताओं को बढ़चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## प्रतिभाशाली बच्चों के लिए विद्यापीठ में कोचिंग फीस समस्या नहीं: अतुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जो बच्चा प्रतिभाशाली है और पढ़ने में दूसरों से आगे है, उसके लिए फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) विद्यापीठ सेंटर में कोचिंग फीस कोई समस्या नहीं है। इसके लिए संस्थान की तरफ से बच्चों को स्कॉलरशिप के कई विकल्प दिए जाते हैं जिनमें वह बहुत कम फीस में भी जेईई, नीट या फाउंडेशन की तैयारी कर सकता है। ये बात फिजिक्स वाला के ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर के हिसार में उद्घाटन के मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पीडब्लू के रीजिनल अकेडमिक हेड अतुल कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों के बीच बढ़ते हुए कम्पटीशन को ध्यान में रखकर पीडब्ल्यू ने हरियाणा में अपना पांचवां टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर शुरू किया है। इस सेंटर में अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ 14 टेक-इनेबल्ड क्लासरूम बनाए गए हैं, जहां नीट, जेईई और फाउंडेशन के विद्यार्थियों को अध्ययन का सकारात्मक वातावरण मिलता है। शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए यहां विद्यार्थियों को 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी दी जा रही है।

इस अवसर पर पीडब्लू फैकल्टीज सचिन जाखड़, समृद्धि शर्मा, आशिमा गुप्ता, डॉ. रूपाली वर्मा, विपिन कुमार शर्मा, सुजीत त्रिपाठी, रीजिनल बिजनेस हेड वीरेंद्र सिंह, सेंटर हेड पवन कुमार व हिसार सेंटर बिजनेस हेड तरुण कुमार भी उपस्थित रहे।



**हिसार।** जानकारी देते रीजिनल अकेडमिक हेड अतुल कुमार व अन्य।

## आचार संहिता के दौरान 30 पीओ व 28 बेल जम्पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक अलग-अलग मामलों में काफी समय से वांछित अपराधियों, अदालत से गैरहाजिर पीओ व बेल-जम्परों को काबू कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। फतेहाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना व छापामारी कर अदालत से गैर हाजिर 30 पीओ व 28 ही बेल-जम्परों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंसधारक अपना हथियार बिना किसी देरी के जमा करवाए और चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वह अशांति फैलाने में शामिल पाए गए तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। एसपी ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस धारक अपना हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस की कैंसिलेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने जिले की आम जनता से अपील की है कि चुनाव के दौरान यदि कोई व्यक्ति शांति भंग करता है या किसी प्रकार का षड्यंत्र रचने की जानकारी उनके पास है तो इसकी तुरंत सूचना डायल 112 या चौकी में दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जनता से चुनाव को शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।



एसपी आस्था मोदी

एमएम शिक्षण महाविद्यालय में विदाई समारोह व एलुमनी मीट का आयोजन

## अर्चना मिस और नरेंद्र व साहिल बने मिस्टर फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में बी.एड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बी.एड. व डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के उपप्रधान संजीव बत्रा व प्राचार्या डॉ. जनक रानी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में बहुत ही सुंदर वे आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया वहीं विभिन्न प्रकार के गेम्स व टाइटल प्रदान करके उनको विदाई दी। द्वितीय वर्ष की पूजा ने अपने 2 साल के अनुभव को सांझा किया और अपने जूनियर्स को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मंच संचालन की भूमिका राहुल, जैस्मिन और रितु ने निभाई। बी.एड. से अर्चना व पूजा को मिस फेयरवेल और नरेंद्र को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। डी.एल.एड. से मिस फेयरवेल ज्योति व साहिल को मिस्टर फेयरवेल का खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त स्टाफ सदस्यों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी व जीवन के प्रत्येक स्तर पर कामयाबी मिले, ऐसी प्रभु से कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ की ओर से पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह यानि एलुमनी मीट करवाई गई। पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय में आयोजित बी.एड. द्वितीय वर्ष की विदाई पार्टी में भी हिस्सा लिया और उन्हें भावी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ अपने जीवन के अनुभव सांझा किये। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ के प्रधान प्रदीप कुमार, उप प्रधान अनिल इन्दल के साथ पूर्व छात्र संघ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के उपप्रधान संजीव बत्रा, प्राचार्या डॉ. जनक रानी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और पूर्व विद्यार्थियों से महाविद्यालय की प्रगति संबंधी विषयों पर चर्चा की।



**फतेहाबाद।** एमएम शिक्षण महाविद्यालय में मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवेल को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

**खबर संक्षेप**

### मॉडर्न हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**हिसार।** सुभाष नगर स्थित मॉडर्न हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कर्ष प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के चेयरमैन जिले सिंह आर्य ने बताया कि अवनीश ने 448 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनश्या ने द्वितीय तथा शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंकित, नैंसी, इंशु, मुस्कान, कोमल, भविष्य, संदीप, पूनम कुमारी, तनु, अनु कुमारी, साहिल, देव ने सराहनीय प्रदर्शन कर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। चेयरमैन जिले सिंह आर्य व प्रिंसीपल संदीप वर्मा ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट ली और प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की।

### बीएस मॉडर्न हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**हिसार।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बीएस मॉडर्न स्कूल, ऋषि नगर के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। मुख्याध्यापिका मंजु गांधी ने बताया कि कुल 17 छात्रों ने परीक्षा दी। सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए। छात्र शिवम 96 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम रहा। चांदनी 93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, प्रिंस 91 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर व पुष्कर 90 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा।

### रौनक ने 497 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया

**नारनौंद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का दसवीं कक्षा के परिणाम में उपासना स्कूल का शानदार प्रदर्शन किया। 55 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर बोर्ड मेरिट प्राप्त की तथा 35 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रिंसिपल जगदीश भैरो ने बताया कि विद्यालय के होनहार छात्र रौनक पुत्र जितेंद्र सिंह गामड़ा ने 500 में से 497 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शुभम अत्री पुत्र राजेश राखीगढ़ी ने 491 अंक लेकर दूसरा व मनु पुत्री परमजीत माजरा व पारुल पुत्री मा.भीमसिह मिलकपुर ने 490 अंक लेकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## शिक्षार्थियों का दसवीं व बारहवीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में रहा शानदार प्रदर्शन

# परम मित्र कन्या स्कूल खांडाखेड़ी की छात्रा सिमरन विज्ञान संकाय में ब्लॉक में रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

परम मित्र कन्या विद्या निकेतन विद्यालय खांडाखेड़ी की छात्रा सिमरन ने विज्ञान संकाय में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रचकर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के शिक्षार्थियों ने दसवीं व बारहवीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर शिक्षण संस्थान का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में कुमारी सिमरन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह ग्रामीण आंचल के विद्यालय के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन है। कक्षा संकाय एवं दसवीं कक्षा के विषय भूगोल में 98, राजनीतिक विज्ञान में 90, अंग्रेजी में 90, म्यूजिक में 98, बायोलॉजी में 92, केमिस्ट्री में 96, फिजिक्स में 88, मैथ्स में 85, हिंदी में 90 अंक प्राप्त कर होनहार छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विद्यालय की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष कैप्टन रुद्रसेन, चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु, निदेशक सुभाष श्योराण, ग्रुप संयोजक प्रवीन परुथी ने विद्यालय प्रशासक मंदीप सिंधु और प्राचार्य महोदय अमित गौड़ को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य अमित गौड़ ने शिक्षकों, शिक्षार्थियों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा की ग्रामीण आंचल के आपके अपने विद्यालय से भविष्य में भी इसी तरह के श्रेष्ठ प्रदर्शन की आशा रहेगी।


नारनौंद। बेहतरीन परिणाम आने पर खुशियां मनाते हुए स्कूल के छात्र।

### जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर के दसवीं के विद्यार्थी श्रेष्ठ प्रदर्शन करके छाए

**हिसार।** जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा में सराहनीय प्रदर्शन किया है। हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन से संबद्ध इन विद्यार्थियों में से छह ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि रिया ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अलग मुकाम हासिल किया है। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से संचालित किए जा रहे जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की छात्रा परी को 97.8 प्रतिशत, नीरा को 95.8 प्रतिशत, मिताली को 95.4 प्रतिशत एवं पूजा व अंजलि को 95 प्रतिशत अंक मिले हैं।

खास बात यह है कि इन सभी छात्राओं ने गणित व विज्ञान विषय में 95 से लेकर 100 प्रतिशत तक अंक हासिल करके अपनी योग्यता का परिचय दिया है। इसी भांति बबीता ने 92.6 प्रतिशत, वर्षा ने 92 प्रतिशत एवं आशी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

## श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



■ 10वीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**हांसी।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा सोमवार को घोषित किए गए दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने फिर से अपना परचम लहराया और छात्रों ने अपनी बुद्धिमत्ता का अद्भुत परिचय देते हुए स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि स्कूल के 60 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। इसमें वाणिज्य संकाय के छात्र अमन नागपाल ने 95.4 फीसद अंक प्राप्त स्कूल में प्रथम स्थान, कला संकाय में अंशु ने 92.2 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा विज्ञान संकाय में विक्रांत ने 91 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा में स्कूल के 8 छात्रों ने 90 फीसद से ज्यादा, 19 छात्रों ने 80 फीसद से ज्यादा तथा 29 छात्रों ने 60 फीसद से अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की। स्कूल प्राचार्य ने बताया कि 10वीं कक्षा में स्कूल के 72 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिसमें स्कूल छात्रा भावना ने 96.2 फीसद लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, विवेक ने 93.4 फीसद लेकर द्वितीय तथा मानसी ने 92.4 फीसद लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर किया। उन्होंने बताया कि स्कूल 4 बच्चों ने 90 फीसद से अधिक, 17 बच्चों ने 80 फीसद से ज्यादा तथा 31 बच्चों ने 60 फीसद से ज्यादा अंक प्राप्त कर अपने स्कूल, अभिभावकों व गुरुजनों का नाम रोशन किया। विद्यालय चेयरमैन राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव व मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## सीबीएसई 10वीं और 12वीं में होली चाइल्ड स्कूल का परिणाम रहा शानदार


हिसार। 10वीं और 12वीं सीबीएसई परीक्षा में शानदार परिणाम लाने वाले विद्यार्थी प्रबंध निदेशक एवं प्रधानाचार्या के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं की परीक्षा में हार्दिक और निशांत ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में टांप किया है। अभिषेक और मुस्कान ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरा स्थान हासिल किया और निशांत शर्मा 93 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। तो वहीं 12वीं आर्टस की परीक्षा में अन्नु 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की टांपर बनीं। 12वीं कॉमर्स में मुस्कान ने 90.2 प्रतिशत अंक और 12वीं साइंस में हिमांशु ग्रेवाल ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में टांप किया।

उल्लेखनीय है कि हिमांशु ग्रेवाल वही विद्यार्थी है जिन्होंने जेई मेन्स की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावको का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजपाल सिंधु ने शानदार परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि परीक्षा के अंक किसी विद्यार्थी के भविष्य को तय नहीं करते बल्की उसकी रूचि और कार्य के प्रति लगन उसे कामयाबी के शिखर पर ले जाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि विद्यार्थियों का ये परीक्षा परिणाम उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन और उनकी स्वयं की मेहनत का प्रतिफल है।

## 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में रॉयल्स ने लहराया परचम

**हिसार।** सीबीएसई द्वारा जारी 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। 12वीं कला संकाय में विरोचन ने 95.8 फीसद, दीपाक्षी ने 93.4 फीसद, रिदम ने 90.6 फीसदर अंक लेकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में हिमांशी ने 94 फीसद, जलज ने 93.4 फीसद, आईना ने 93 फीसद अंक प्राप्त करके क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए सुप्रिया ने 94 फीसद, हर्षुल ने 93 फीसद, सौरव ने 90 फीसद अंक प्राप्त किए। पेंटिंग में हर्षुल, सुप्रिया और जलज ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में गुंजन ने 98, हिंदी में विरोचन ने 95, भूगोल में रिदम ने 96, राजनीति शास्त्र में विरोचन ने 99, इतिहास में विरोचन ने 94, रसायन विज्ञान में रितिका, हिमांशी एवं जलज ने 95, जीव विज्ञान में आईना ने 98, फिजिक्स में हिमांशी ने 95, गणित में हिमांशी एवं जलज ने 95,अकाउंट व बिजनेस में सुप्रिया ने 95, अर्थशास्त्र में सुप्रिया ने 89, संगीत में सौरव ने 98 अंक लेकर विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में वैभव ने 95 फीसद, कशिश ने 92 फीसद, रिया ने 91.4 फीसद अंक लेकर स्कूल में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। व इसके अलावा अंग्रेजी में रिया एवं मानवेंद्र ने 93, हिंदी में वैभव एवं कशिश ने 96, विज्ञान में कशिश ने 95, सामाजिक विज्ञान में वैभव ने 98, कंप्यूटर में कशिश एवं दिनेश ने 96 अंकों के साथ विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**बधाई दी**

छात्रों की इस सफलता पर स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, प्रिंसिपल डॉ. आर ए प्रभाकर, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा (रिटायर्ड) ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी।

## डीपीएस की खिलाड़ी यशिका ने शूटिंग में फिर जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सिरसा में आयोजित 10 मीटर पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल हिसार की 11वीं कक्षा की खिलाड़ी यशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थर्ड शूटिंग रेंज में स्वर्ण पदक हासिल किया है। यशिका ने शानदार खेल-कौशल के प्रदर्शन के आधार पर एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया। उसका असाधारण प्रदर्शन न केवल उसके शानदार खेल-कौशल को बल्कि खेल के प्रति समर्पण भाव, धैर्य और अनुशासन को भी रेखांकित करता है, जिससे उसे शूटिंग-क्षेत्र में एक उभरते सितारे के रूप में स्थापित होने में सहायता भी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में उसने स्वर्ण पदक के साथ आठ हजार एक सौ रुपये नकद प्राप्त कर विद्यालय का गौरव प्रदेश भर में बढ़ाया है। विद्यालय प्राचार्या मंजु सुधाकर ने उसके अभिभावकों तथा उसके प्रशिक्षक सहित अन्य सभी की प्रशंसा की तथा शुभकामनाएं दी है। प्राचार्या ने कहा कि यशिका के खेल के प्रति समर्पण भाव, कड़े परिश्रम और प्रतिभा ने निस्संदेह उसे शूटिंग के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बनाने में सक्षम बनाया है।



हिसार। स्वर्ण पदक विजेता यशिका। फोटो : हरिभूमि

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, एमएससी केमिस्ट्री तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी मैथेमेटिक्स तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2019 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## देश-प्रदेश की जनता का कांग्रेस से हुआ मोहभंग : नायब सैनी

■ वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. योगेश बिदानी व रवि सैनी के आवास सहित एक दर्जन स्थानों पर पहुंचे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


हिसार। मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि देश व प्रदेश की जनता का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है। जनता ने अच्छी तरह से जान लिया है कि कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। ऐसे में जनता ने अब भाजपा को ही एकमात्र विकल्प मान लिया है। नायब सिंह सैनी मंगलवार को अर्बन एस्टेट में वरिष्ठ पार्टी नेता डॉ. योगेश बिदानी व पार्टी नेता रवि सैनी सहित शहर में अनेक स्थानों पर आयोजित जलपान कार्यक्रमों के दौरान पार्टीजनों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शहर में जनसंपर्क अभियान चलाया और पार्टी उम्मीदवार चौ. रणजीत सिंह के लिए समर्थन जुटाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी पार्टी नेता महाबीर जांगड़ा, सीमा गैबीपुर, रवि सैनी, प्रो. छतरपाल सिंह, शकुंतला राजलीवाला, बलराज चौहान, रणधीर पनिहार, हरिकिशन शर्मा, गगन शर्मा के आवास पर भी पहुंचे और समर्थकों से बातचीत करते हुए भाजपा उम्मीदवार चौ. रणजीत सिंह को विजयी बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे को सार्थक करते हुए देश की जनता ने 400 पार के नारे के साथ तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की ठान ली है। उन्होंने पार्टीजनों व समर्थकों से आह्वान किया कि वे एक-एक वोट चौ. रणजीत सिंह को देकर उन्हें सफल बनाएं ताकि हिसार का सांसद नरेन्द्र मोदी के समर्थन में खड़ा हो सके। लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह, लोकसभा प्रभारी अमरपाल राणा, डॉ. योगेश बिदानी, डॉ. वैभव बिदानी सहित अन्य प्रशंसकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डॉ. जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया व रणधीर धीरू, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा आदि मौजूद थे।

*अपने-पराए व देशहित की परख करके मतदान करें जनता :* हिसार से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह की धर्मपत्नी इंदिरा देवी ने कहा कि जनता को अपने-पराए व देशहित की परख करके लोकसभा चुनाव में मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि न तो कांग्रेस का देशहित में कोई विजन है और न ही कांग्रेस उम्मीदवार का कोई ठिकाना है। इंदिरा देवी अपने जनसंपर्क अभियान के तहत उकलाना क्षेत्र के गांवों में ग्रामीणों से मिलकर चौ. रणजीत सिंह के पक्ष में वोटों की अपील कर रही थी।

## घर बैठे डाउनलोड करें फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड

**हिसार।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विभिन्न डिजिटल पहल शुरू की गई हैं। इनमें सबसे प्रमुख है ई-एपिक यानि फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र को डिजिटल तरीके से प्राप्त करना। अब मतदाता घर बैठे ही अपना वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू की हुई है। मतदाता का पहचान पत्र अगर कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी अपने पास रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसमें खास बात यह है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड करने के साथ-साथ प्रिंट भी कराया जा सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 9315429403, 9253681005

# मतदान के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी संयम से कार्य करें : एडीसी

■ 19 से 21 मई तक होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं से पोस्टल बैलेट के जरिए घर द्वार पर जाकर करवाया जाएगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


हिसार। पोलिंग पार्टियों को दिशा निर्देश देते सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त नीरज। फोटो : हरिभूमि

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों के लिए 19 से 21 मई तक होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं से पोस्टल बैलेट के जरिए घर द्वार पर जाकर मतदान करवाया जाएगा। किसी भी पोलिंग पार्टी के समक्ष चुनाव से संबंधित अगर कोई संदेह है, तो वे उच्च अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित कर सकते हैं। वे मंगलवार को गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में उकलाना एवं नलवा विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों तथा प्रेजाइडिंग अधिकारियों की रिहर्सल को संबोधित कर रहे थे। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग के लिए मतदाताओं को 3 प्रकार के विकल्प दिए गए थे, जिनमें 85 वर्ष से अधिक की आयु के मतदाता, पीडब्ल्यूडी 40 प्रतिशत दिव्यांगों तथा कोविड पॉजिटिव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के बीलएओ द्वारा होम वोटिंग के लिए घर द्वार पर पहुंचकर संपर्क किया जा चुका है कि कौन किस विकल्प के माध्यम से अपना मत का प्रयोग करना चाहता है। उन्होंने पोलिंग पार्टियों तथा प्रेजाइडिंग अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वोटिंग के दौरान मतदाता सूची में जिस भी वोट पर पोस्टल बैलेट (पीबी)व चुनावी ड्यूटी (ईडीसी) अंकित है, उनका वोट पहले ही डलवाया जा चुका है।

**फाइनल रिहर्सल 24 को**

रिहर्सल में प्रशिक्षकों द्वारा सभी पोलिंग पार्टियों को ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को सही ढंग से संचालन करने के लिए प्रशिक्षण दिया ताकि बिना किसी समस्या से मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जा सके। अनेक पोलिंग पार्टियों ने भी ईवीएम मशीन की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी ग्रहण की। उन्होंने बताया कि फाइनल रिहर्सल का आयोजन 24 मई को स्थानीय महावीर स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें रिहर्सल उपरांत पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीन तथा चुनावी किट बैग उपलब्ध करवाकर मतदान केंद्रों के लिए भी रवाना किया जाएगा।

## दुष्यंत चौटाला उचाना वालों के लिए भाखड़ा का नीला पानी लेकर आए : नैना चौटाला


हिसार। ग्रामीणों से रूबरू होती जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** जननायक जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कहा है कि उचाना हलका विकास के मामले में पहले बहुत पीछे था, लेकिन आपके आशीर्वाद से दुष्यंत चौटाला डिप्टी सीएम बने तो सैकड़ों करोड़ से अधिक के विकास कार्य हलके में हुए। उन्होंने कहा कि उचाना के विकास में दुष्यंत ने कोई कमी नहीं छोड़ी हैं और आप लोगों ने मौका दिया तो वे भी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नैना चौटाला मंगलवार को चुनाव प्रचार के दौरान उचाना हलके के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से रूबरू थी। नैना चौटाला ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार में यहां के प्रतिनिधि बीरेंद्र सिंह वित्त मंत्री रहे और भाजपा में केंद्रीय मंत्री भी रहे, लेकिन उचाना की जनता के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि आपने हिसार लोकसभा से उनके बेटे बृजेंद्र सिंह को भाजपा का सांसद भी चुनकर भेजा, लेकिन उन्होंने भी उचाना के लिए कुछ नहीं किया। जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कहा कि बापू-बेटा के राज में उचाना पिछड़ा क्षेत्र रहा और यहां की जनता पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसती रही।